JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

2021/07/360–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक :** 26.07.2021

बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पर निर्भया स्क्वायड द्वारा "ऑपरेशन सेफर व्हील्स" की शुरूआत एवं पोस्टर विमोचन।

जयपुर 26 जुलाई। महिलाओं पर बढते अत्याचार एवं घृणित कृत्यों की रोकथाम के लिए पुलिस आयुक्तालय, जयपुर द्वारा जागरूक अभियान की कड़ी में जयपुर मेट्रो के बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (द्वितीय) श्री राहुल प्रकाश विशिष्ट अतिथि रहें। कार्यक्रम के दौरान श्री मुकेश कुमार सिंघल निदेशक परिचालन एवं प्रणाली, उप पुलिस आयुक्त सुश्री ऋचा तोमर, अतिरिक्त उप पुलिस आयुक्त "निर्भया स्क्वायड" सुश्री सुनीता मीणा के साथ पुलिस विभाग व जयपुर मेट्रो के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान निर्भया स्क्वायड द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के मंचन से इस जटिल समस्या से अवगत कराते हुए महिला सुरक्षा का गूढ़ संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान इस अभियान "ऑपरेशन सेफर व्हील्स" का गणमान्य अतिथियों द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। विशिष्ट अतिथि श्री राहुल प्रकाश ने अपने संबोधन में इस अभियान की बारीकियों तथा जनसहयोग से इसके सफलता की बात कहीं।

मुख्य अतिथि श्री अजिताभ शर्मा अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, जयपुर मेट्रो ने अपने अभिभाषण के दौरान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति व इससे दिए गये संदेश के लिए सभी कलाकारो की प्रशंसा की तथा मेट्रो के इस दिशा में पूर्व में की गई पहल को अवगत कराते हुए यातायात पुलिस को ऐसे सामाजिक चेतना अभियान में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही जागरूकता की इस नवीन् पहल की सराहना करते हुए पुलिस विभाग को इसके लिए बधाई दी।

जनसम्पर्क अधिकारी